प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 14.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ ही देर में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ नीस में भारत इनोवेट्स का उद्घाटन करेंगे। भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में 120 से अधिक भारतीय स्टार्टअप, वैश्विक निवेशक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अग्रणी लोग और उद्यमी जुटेंगे। इस दौरान भारत के तेजी से बढ़ते नवाचार तंत्र को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों भारत–फ्रांस विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा और प्रमुख क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में देश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और किफायती बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के जरिए गरीब और जरूरतमंद लोगों को इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं, जन औषधि केंद्रों पर सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टेंट और घुटने के प्रत्यारोपण की कीमतें कम होने से मरीजों को लाभ हुआ है। साथ ही, मेडिकल कॉलेजों और सीटों की संख्या बढ़ने से डॉक्टर बनने के अवसर भी बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए आगे भी लगातार काम करती रहेगी।

0000

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। सुरक्षित रक्त के महत्व के बारे में जागरुकता लाने और स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रत्येक साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस की थीम मानवता की 'एक बूंद–रक्तदान करें, जीवन बचाएं' रखी गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व रक्तदाता दिवस पर लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की है। श्री नड्डा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रक्तदान किसी व्यक्ति को नया जीवन देने का सर्वाधिक प्रभावी और पावन अवसर है। उन्होंने रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने ने भी लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान का आव्हान किया है। इधर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सामाजिक संगठनों की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे है।

00000

प्रदेश में बीएड में प्रवेश के लिए प्री–टीचर एजुकेशन टेस्ट–पीटीईटी 2026 आज आयोजित की गई। सुबह 9 बजे से शुरू हुई ये परीक्षा दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर बायोमैट्रिक अटेंडेंस के बाद ही एंट्री दी गई। परीक्षा में कुल एक लाख 26 हजार 600 परीक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। परीक्षा की निगरानी के लिए जयपुर के क्षेत्रीय केन्द्र में विशेष कमांड सेंटर बनाया गया। वहीं संवेदनशील केन्द्रों की निगरानी एआई आधारित सॉफ्टवेयर की मदद से की गई।

000

जालौर जिले के ऐलाना गाँव के पास बिशनगढ़–सायला रोड पर आज एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को जालौर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दौसा के आगरा बाईपास कट पर तड़के उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ से जयपुर आ रही रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में दो दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। उधर उत्तरप्रदेश के कासगंज में हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। ये दुर्घटना एक निजी बस के रोडवेज बस से टकरा जाने से हुई। हादसे में करीब 40 लोग घायल हो गए। घायलों को भरतपुर और अन्य स्थानों पर उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बस में सवार ये सभी लोग भरतपुर के रहने वाले थे और सोरोंजी जा रहे थे।

00000

राज्य सरकार के 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने जयपुर के मानसरोवर में एक फर्म पर कार्रवाई करते हुए एक हजार 300 किलो खाद्य सामग्री सीज की, जबकि 450 किलो एक्सपायरी आटा और दाल मौके पर ही नष्ट करवाया गया। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा नियमों के कई उल्लंघन पाए गए, जिसके चलते फर्म के खिलाफ नोटिस जारी कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जून को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्य क्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 135वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 जून तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000